# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः– Shivira/Maadhya/ShalaDarpan/60304/Vo-2/2020 (P.F-12)  दिनांकः– यथा हस्ताक्षर

**समस्त संभागीय**
**संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा)**

विषयः– विद्यार्थी दैनिक उपस्थिति को शिक्षक एप्प में प्रविष्टि किये जाने के संबंध में।
प्रसंगः– इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांकः 24.02.2025

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि दिनांकः 29.03.2025 को राजस्थान दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम की श्रृंखला में कोटा में आयोजित हुए कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा **मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान** का शुभारंभ किया गया है। उक्त **मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान** की एक पहल के रुप में शिक्षक एप्प में विद्यार्थियों की ऑनलाइन दैनिक उपस्थिति दर्ज किये जाने का भी शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा किया गया है।

शालादर्पण पोर्टल पर राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की ऑनलाइन दैनिक उपस्थिति दर्ज किये जाने हेतु शिक्षक एप्प में विद्यार्थी उपस्थिति विकल्प निर्मित किया गया है, इसके अंतर्गत संलग्न यूजर मैन्यूअल के अनुसार प्रत्येक कक्षाध्यापक स्वयं की स्टाफ आईडी से लॉगिन कर, अपनी कक्षा का चयन कर सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति का विवरण इन्द्राज कर पायेंगें, जिसके लिए **प्रार्थना सभा के दौरान एप्प में प्रदर्शित विद्यार्थियों की सूची में से केवल अनुपस्थित विद्यार्थियों को चिन्हित करना होगा।** इससे विद्यार्थियों की दिनांकवार उपस्थिति का अंकन सीधे ही शाला दर्पण पोर्टल पर उपस्थिति मॉडयूल में किया जा सकेगा। समन्वित होने के पश्चात यह डेटा विद्यालय लॉगिन सहित ब्लॉक, जिला, एवं राज्य स्तर के कार्यालयों के लॉगिन पर सहज उपलब्ध होगा।

प्रासंगिक पत्र द्वारा आपको निर्देशित किया गया था कि प्रथम चरण में विद्यार्थी उपस्थिति को विभाग के समस्त स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल (कुल 134) तथा महात्मा गांधी राजकीय (अंग्रेजी माध्यम) उच्च माध्यमिक विद्यालयों (कुल 205 प्रथम तथा द्वितीय फेज के विद्यालय) में पायलट प्रोजेक्ट में प्रारंभ किया गया था।

अब से राज्य के **समस्त राजकीय विद्यालयों** में विद्यार्थियों की ऑनलाइन दैनिक उपस्थिति दर्ज किये जाने हेतु शिक्षक एप्प के अन्तर्गत विद्यार्थी उपस्थिति ऑप्शन का उपयोग अनिवार्यतः किया जायेगा।

इस हेतु निम्नानुसार दायित्व निर्धारित किये जाते हैः–

**संस्था प्रधान के दायित्व–**

- स्वयं तथा समस्त स्टाफ के मोबाइल में उक्त एप्प डाउनलोड व इन्स्टॉल करवाना।
- यह सुनिश्चित करना कि प्रतिदिन प्रत्येक विद्यार्थी की उपस्थिति शिक्षक एप्प पर अनिवार्यतः दर्ज हो।
- प्रत्येक कक्षा के कक्षाध्यापक की मैपिंग शालादर्पण पोर्टल पर सुनिश्चित करना।
- कक्षाध्यापक के अनुपस्थित होने पर संस्था प्रधान के लॉगिन से उपलब्ध मॉडयूल में संबंधित कक्षा के विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज करना।
- कक्षाध्यापक द्वारा दर्ज विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं पोर्टल पर प्रदर्शित उपस्थिति को प्रमाणित करना।
- शिक्षक एप्प पर उपस्थिति प्रविष्ट करने का कार्य प्रार्थना सभा में किया जावें ताकि कक्षा कक्ष में मोबाइल का उपयोग नही हो।
- विद्यार्थी उपस्थिति पंजिका व एप्प पर प्रविष्ट उपस्थिति की समानता की मॉनिटरिंग करना।

Signature valid

Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2025.04.12 10:26:49 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 14497665

**कक्षाध्यापक के दायित्व–**

- यह सुनिश्चित करना कि कक्षा के समस्त विद्यार्थी एप्प पर उपस्थिति हेतु प्रदर्शित हो यदि कोई विद्यार्थी एप्प पर उपस्थिति हेतु प्रदर्शित न हो तो उसका प्रपत्र 09 पूर्ण करना।
- कक्षा के विद्यार्थियों की उपस्थिति **प्रार्थना सभा** में एप्प पर दर्ज करना।

**शालादर्पण प्रभारी के दायित्व–**

- जिन विद्यालयों में शिक्षक एप्प के माध्यम से उपस्थिति दर्ज होगी उन विद्यालयों में पोर्टल पर पृथक से उपस्थिति दर्ज करने की आवश्यकता नहीं होगी, एप्प में प्रविष्ट किया गया उपस्थिति संबंधी डेटा तत्काल विद्यालय लॉगिन के उक्त मॉडयूल में प्रदर्शित होगा। अतः प्रथम कालांश में संस्था प्रधान को उपस्थिति न भरने वालों की सूचना उपलब्ध करवाना।
- कक्षाध्यापक/संस्था प्रधान के अनुपस्थित होने पर पोर्टल पर उपलब्ध मॉडयूल में संबंधित कक्षा के विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज करना।

**संभाग, जिला, ब्लॉक व पंचायत स्तरीय अधिकारियों के दायित्व–**

- अपने अधीनस्थ समस्त राउमावि में शिक्षक एप्प के माध्यम से विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज करवाया जाना सुनिश्चित करना।
- कार्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति हेतु रिपोर्ट निम्न पाथ पर उपलब्ध हैः–

  Reports(New) → Student → Student Daily Attendance Report (App/Web)
- प्रत्येक अधिकारी विद्यालय अवलोकनों के दौरान यदि संबंधित विद्यालय में शिक्षक एप्प से दर्ज उपस्थिति तथा उपस्थिति दर्ज करने के समय का सघन निरीक्षण करेंगें।

अतः उपर्युक्तानुसार आपके अधीनस्थ विद्यालयों में **"शिक्षक एप्प के अन्तर्गत विद्यार्थी दैनिक उपस्थिति" में प्रतिदिन शत–प्रतिशत उपस्थिति प्रविष्ट करना** सुनिश्चित करावें।

संलग्नः– यूजर मैन्यूअल

(सीताराम जाट)
**आई.ए.एस.**
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर
एवं पदेन अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक
(वरिष्ठ), समग्र शिक्षा अभियान(समसा)

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री महोदय, शिक्षा (विद्यालयी/संस्कृत), राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, जयपुर।
3. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा, बीकानेर।
4. वरिष्ठ निदेशक (आई.टी), एनआईसी, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि सभी विद्यालयों में विस्तार हेतु एप्प में वांछित अपडेट कराने का श्रम करावें ।
5. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड हेतु (जरिये ई–मेल)।
6. स्टाफ ऑफिसर, निजी अनुभाग, कार्यालय हाजा।

Signature valid
Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2025.04.12 16:26:49 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 14497665

7. उपनिदेशक, शालादर्पण प्रकोष्ठ, जयपुर को भेज कर निर्देशित किया जाता है कि एनआईसी से समन्वय कर आवश्यक अपडेट सुनिश्चित करावें।
8. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा को जिला क्षेत्राधिकार में निर्देशों की पालना हेतु समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन बाबत (जरिये ई–मेल)।
9. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक/मुख्यालय)–माध्यमिक (जरिये ई–मेल)।
10. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा को पालनार्थ (जरिये ई–मेल)।
11. अनुभाग अधिकारी, गुणवत्ता एवं नवाचार प्रकोष्ठ/माध्यमिक अनुभाग/मॉनिटरिंग अनुभाग, कार्यालय हाजा।
12. समस्त पीईईओ/यूसीईईओ।
13. समस्त संस्था–प्रधान।
14. रक्षित पत्रावली।

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर
एवं पदेन अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक
(वरिष्ठ), समग्र शिक्षा अभियान(समसा)

Signature valid

Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2025.04.12 10:26:49 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 14497665